प्रेसनोट

सराहनीय कार्य कानपुर देहात

दिनांक- 10.11.2026

- **अपराध नियंत्रण की दिशा में चलाये गये अभियान के तहत कानपुर देहात पुलिस को मिली बड़ी सफलता।**
- **थाना सिकंदरा पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए गैंगस्टर एक्ट में वांछित चल रहे 01 अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।**

कृपया अवगत कराना है कि जनपद कानपुर देहात में अपराध नियन्त्रण की दिशा में घटनाओं की रोकथाम, खुलासे व वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में थाना सिकंदरा पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुये मुखबिर खास की सूचना पर मु0अ0सं0 0119/2026 धारा 3(1) गैंगस्टर एक्ट में वांछित अभियुक्त शिवम पाल उर्फ ज्वाला सिंह निवासी ग्राम जरिहा लखमनापुर थाना मंगलपुर जनपद कानपुर देहात को दिनांक 09.11.2026 को समय करीब 19:54 बजे थाना डेरापुर क्षेत्रांतर्गत गुरदही बम्बा के पास बने प्रतीक्षालय के पास से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त को नियमानुसार माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

पूछताछ का विवरण- अभियुक्त शिवम पाल उर्फ ज्वाला सिंह उपरोक्त ने पूछताछ करने पर बताया कि मैंने अपने साथियों अरुण, देशराज, अर्पित के साथ मिलकर दिनांक 01.05.2026 को भाल पुलिया के पास तमंचे के बल पर एक महिला से गहने लूटे थे, जिसे हम लोगों ने सुनार मुकुल पाण्डेय को बेच दिया था। इसके बाद दिनांक 05.05.2026 को पुनः जब हम लोग औरा कार से रेकी कर रहे थे उसी समय पुलिस द्वारा घेराबंदी करने पर मैंने और अरुण ने पुलिस पर फायरिंग की थी, जवाबी फायरिंग में पुलिस की गोली से घायल होने पर हमें गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। इन मामलों में जमानत पर रिहा होने के बाद, आज दिनांक 09.10.2026 को जब मैं गुरदही बम्बा के पास बने प्रतीक्षालय पर खड़ा था, तो थाना राजपुर में पंजीकृत गैंगस्टर एक्ट के तहत थाना सिकन्दरा पुलिस द्वारा मुझे विधिवत कारण बताते हुए गिरफ्तार कर लिया गया तथा गिरफ्तारी की सूचना मेरे भाई रमेश पाल को दी गई।

गिरफ्तार अभियुक्तग का विवरण–

1. अभियुक्त शिवम पाल उर्फ ज्वाला सिंह पुत्र रामबहादुर निवासी ग्राम जरिहा लखमनापुर थाना मंगलपुर जनपद कानपुर देहात उम्र करीब 23 वर्ष।

अभियुक्त शिवम पाल उर्फ ज्वाला सिंह उपरोक्त का आपराधिक इतिहास-

1. मु0अ0सं0 052/2026, धारा 309(4), 317(2), 317(4) बीएनएस थाना राजपुर जनपद कानपुर देहात
2. मु0अ0सं0 053/2026, धारा 109(1) बीएनएस एवं 3/25/27 आर्म्स एक्ट, थाना राजपुर जनपद कानपुर देहात
3. मु0अ0सं0 0192/2024, धारा 103(3)/61(2)ए बीएनएस व धारा 3(2)5 एससी एसटी एक्ट, थाना मंगलपुर जनपद कानपुर देहात
4. मु0अ0सं0 0093/2026 धारा 307/317(2) बीएनएस, थाना इकदिल जनपद इटावा
5. मु0अ0सं0 119/2026 धारा 3(1) यूपी गैंगस्टर अधिनियम थाना राजपुर जनपद कानपुर देहात

गिरफ्तार करने वाली थाना सिकंदरा पुलिस टीम-

1. प्रभारी निरीक्षक श्री धीरेन्द्र सिंह
2. उ0नि0 श्री दिनेश कुमार
3. हे0का0 387 आदित्य कुमार
4. का0 531 मनीष कुमार
5. का0 1238 भोलू